वशि्व के घास के मैदान

विश्व के घास के मैदान

तथ्य

- **घास के मैदान मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं:** उष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण। **समशीतोष्ण घास के मैदानों** के उदाहरणों में यूरेशिया के **स्टेपी**, उत्तरी अमेरिका के **प्रेयरी** और अर्जेंटीना के **पम्पास** शामिल हैं। **उष्णकटिबंधीय घास के मैदानों** में **उप-सहारा अफ्रीका** और **उत्तरी ऑस्ट्रेलिया** के **गर्म सवाना** शामिल हैं।
- उष्णकटिबंधीय घास के मैदानों में मौसम शुष्क एवं आर्द्र होता है जो हर समय गर्म रहते हैं **(तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से 30 डिग्री सेल्सियस)**। समशीतोष्ण घास के मैदानों में शीत ऋतु ठंडी और ग्रीष्म ऋतु कुछ बारिश के साथ गर्म होती है **(सर्दियों में तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे और गर्मियों में 32 डिग्री तक)**।
- **घास के मैदानों के अस्तित्व के लिये वनाग्नि महत्त्वपूर्ण है;** वे काष्ठीय पौधों (woody plants) के प्रसार को रोकते हैं और घास को पुनः स्थूलता के साथ व स्वस्थ रूप में वृद्धि करने में सक्षम बनाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/grassland-of-the-world